Title: Need to provide halt of Hawrah-Ahmedabad express train at Dharangaon in Erandol Parliamentary Constituency, Maharashtra -Laid.

श्री अन्नासाहेब एम.के.पाटील (इरन्दोल): मेरे संसदीय क्षेत्र एरनडोल के अन्तर्गत धरणगांव एक रेलवे स्टेशन है। इस रेलवे स्टेशन के आसपास 50 गांव हैं, जिनकी आबादी 5 लाख के लगभग होगी, यह एक व्यापारिक स्थान है और यहां पर अनेक व्यापारी व्यापार के सिलसिले में दूसरे स्थानों से आते हैं तथा यहां के नि वासी भी व्यापार तथा नौकरी हेतु दूसरे स्थानों को जाते हैं, लेकिन धरणगांव रेलवे स्टेशन पर कोई भी एक्सप्रेस गाड़ी के न रूकने के कारण सभी लोगों को काफी कठिनाई होती है। यहां की जनता एक एक्सप्रेस गाड़ी रूकवाने हेतु काफी समय से मांग करती आ रही है तथा मैंने भी रेल मंत्री महोदय से इस संबंध में अनुरोध किया था, अब यहां की जनता आंदोलन करने पर विवश हो गई है।

अतः मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री महोदय से अनुरोध करना चाहता हूं कि जनहित में जनता की उचित मांग को ध्यान में रखते हुए धरणगांव रेलवे स्टेशन पर हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस गाड़ी का थोड़ी देर का ठहराव के आदेश पारित करने का कट करें।